# चीनी उत्पादन 5% बढ़ा, निर्यात अनुबंध 45-50 लाख टन

**नई दिल्ली।** चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष में एक अक्तूबर से 15 दिसंबर के बीच 5 फीसदी बढ़कर 82.1 लाख टन पहुंच गया। विपणन वर्ष 2021-22 की समान अवधि में उत्पादन 77.9 लाख टन रहा था।

उद्योग संगठन इस्मा ने सोमवार को बताया, इस दौरान मिलों ने 45-50 लाख टन चीनी निर्यात का अनुबंध किया है। इसमें से 30 नवंबर तक लगभग छह लाख टन चीनी का निर्यात किया जा चुका है। एजेंसी